हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री


12 400 इंतकाल, 225 रजिस्ट्री और 600 रिहायशी...





12 संत रविदास भवन का 18 लाख की लागत से विधायक...




## खबर संक्षेप

### प्रदेशाध्यक्ष ने शादी समारोह पहुंचकर दिया आशीर्वाद

**गोहाना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली बुधवार को गांव गंगेसर में सरपंच सविता के बेटे प्रदीप की शादी में शिरकत करने पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष ने शादी में शगुन देकर दुल्हे को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सरपंच सविता, उनके पति विक्रम, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, महम हलका से पूर्व प्रत्याशी दीपक हुड्डा, भाजपा युवा मोर्चा कृष्णा, नरेशा, रोहित, मंजू, सरिता, ज्योत्सना, प्रियंका, सत्यवान व सोनिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्राइवेट बैंक कर्मी से रास्ते में मारपीट

**गोहाना।** प्राइवेट बैंक के कर्मी गांव बजाना खुर्द के अंकुश पर घर लौटते समय रास्ता रोककर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। उसक शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि वह बाइक पर घर जा रहा था। जब वह खानपुर कलां से से कुछ दूरी पर रजवाहा के पास पहुंचा तो भठगांव के नान्हा ने अपने तीन साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि सभी ने डंडों से उस पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों के पास अवैध हथियार भी था, जिसे दिखाकर डराया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा के निशांत ने पुलिस को बताया कि वह रुखी वाले खेत में स्वजन को खाना देकर बाइक पर वापस घर आ रहा था। रास्ते में सामने से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक खेतों में जा गिरी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और बाइक को नुकसान हुआ। आरोपित चालक वाहन सहित फरार हो गया। उसने अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

### कार पेड़ से टकराई चालक की मौत

**गोहाना।** सफीदो-गोहाना मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी समेत तीन व्यक्ति घायल हो गए। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव बिचपड़ी की सलोचना ने पुलिस को बताया कि वह, उसका पति रामपाल, उसकी बहन की लड ?ी शबीना व उसका पति मोनू कार में गोहाना से गांव जा रहे थे। जब वे सफीदों रोड पर एलएलएन पेट्रोल पंप से थोड़ा आगे पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने कार को साइड मार दी। कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे सफेदे के पेड़ से जा टकराई। राहगीरों ने चारों को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उसके पति रामपाल को मृत घोषित कर दिया। सलोचना की शिकायत पर अज्ञात वाहन के चालक पर केस दर्ज किया गया।

### युवक से मारपीट कर किया घायल

खरखौदा। हलालपुर गांव में हमलावर तीन युवकों ने पीटकर युवक को घायल कर दिया। बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव के तीन युवक शराब पीकर उसकी गाड़ी के पास आए और उसे गालियां देकर मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उसकी गाड़ी तोड़ दी और उसे घर से बाहर निकालकर दोबारा पीटा गया। उसे घायल अवस्था में सोनीपत के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे पीजीआई रोहतक इलाज के लिए रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सीटों की संख्या घटाकर बनाया जाएगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम

# राष्ट्रीय विधि विवि में 60 करोड़ के बजट से ही ऑडिटोरियम निर्माण की तैयारी

- विद्यार्थियों की सुविधा और बुनियादी ढांचे का रहेगा ध्यान
- छाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में मिलेगी सहूलियत

डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए तैयार किया गया था 60 करोड़ रुपये का बजट, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को सौंपी गई है विवि में ऑडिटोरियम के निर्माण की जिम्मेदारी

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

राई राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा व बुनियादी ढांचे के विकास को ध्यान में रखते हुए नए ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाएगा। नए आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से जून 2025 में करीब 60 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया गया था। प्रबंधन ने विवि के कोष के भार को कम करने के उद्देश्य से नए ऑडिटोरियम के बजट व कुछ व्यवस्थाओं को कम करने का निर्णय लिया है। उधर नए ऑडिटोरियम का निर्माण होने से विश्वविद्यालय में सेमिनार, कार्यशाला, वीवीआईपी बैठकों के साथ छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सहूलियत मिल सकेगी। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर व कुछ विदेशी छात्र भी कानूनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय में करीब 750 छात्र-छात्राओं की संख्या है। हर माह विभिन्न प्रदेशों से उच्च न्यायाधीश विवि के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। ऐसे में प्रबंधन ने वर्ष 2025 में विश्वविद्यालय परिसर में करीब 1200 से 1400 सीटों की क्षमता वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण करवाने की योजना तैयार की थी, लेकिन अब इसमें सीटों की क्षमता को कम किया जाएगा। ऑडिटोरियम के निर्माण का जिम्मा हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को सौंपा गया है।



**सोनीपत।** सोनीपत के राई राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय।

### ऑडिटोरियम में होने वाली तय व्यवस्थाएं

▶▶ ऑडिटोरियम में लाइटिंग व साउंड सिस्टम ▶▶ वॉल काउसिटिक (साउंड की आवाज को गूंजने से रोकने के लिए) ▶▶ 1200 से 1400 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था ▶▶ ऑडिटोरियम की बेसमेंट व ऊपर पार्किंग क्षेत्र ▶▶ ऑडिटोरियम के अंदर दो छोटे सेमिनार हॉल ▶▶ सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक हॉल ▶▶ कलाकारों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था ▶▶ ऑडिटोरियम में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था ▶▶ सीसीटीवी, बड़ी स्क्रीन, एयरकंडीशनर ▶▶ बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां व अन्य फर्नीचर

### सरकार से सहयोग की मांग कर सकता है प्रबंधन

विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि अगर ऑडिटोरियम के निर्माण पर 60 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर दी जाती है, तो इससे विवि का कोष ज्यादा कम होने के बाद आने वाले दिनों में कर्मचारियों के सामने वेतन संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस स्थिति से निपटने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने नए ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर बजट व कुछ व्यवस्थाओं को कम करने की योजना बनाई है। हालांकि नए ऑडिटोरियम में केवल उन सुविधाओं को कम किया जाएगा, जो विवि परिसर में पहले से व्यवस्थित की गई हैं। साथ ही प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि योजना को सिरे चढ़ाने के लिए सरकार से सहयोग की मांग की जा सकती है।

### मूटकोर्ट व विश्राम गृह की सुविधा होगी कम

विवि परिसर में बनने वाले ऑडिटोरियम को लेकर आधुनिक डिजाइन के साथ व्यवस्थित रूप से योजना तैयार की गई है। अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में दो आधुनिक छोटे सेमिनार हॉल, मूटकोर्ट व 2 वीआईपी विश्राम गृह बनाए जाने का प्रस्ताव योजना में शामिल किया गया था। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, कार्यशालाओं के लिए सुव्यवस्थित हॉल का निर्माण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कालाकारों को ऑडिटोरियम में बेहतर मंच मिल सकेगा, जो शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को और समृद्ध करेगा।

### पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को जिम्मेदारी

डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाना है। इसके लिए हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल ऑडिटोरियम के लिए तैयार बजट ज्यादा है। बजट कम करने के साथ विवि में पहले से मौजूद सुविधाओं को नए ऑडिटोरियम के श्रेणी से हटाया जा सकता है। ऑडिटोरियम के निर्माण से विश्वविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, कार्यशाला जैसे आयोजनों के लिए एक ही जगह सुदृढ़ व्यवस्था मिल सकेगी।

**-प्रो. डॉ. आशुतोष मिश्रा,** कुलसचिव, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत

# हाईकोर्ट की अवहेलना पर सरपंच को किया निलंबित

## बीडीपीओ और सचिव पर भी गिरी गाज

- हाईकोर्ट के स्टेटसको की अवहेलना व 100 एकड़ जमीन की अवैध नीलामी पर गिरी गाज
- विजिलेंस जांच के घेरे में अधिकारी, निजी कंपनी को जमीन सब-लीज पर देने का भी राज खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव गढ़ मिरकपुर में करीब 157 एकड़ पंचायती भूमि से जुड़े बहुचर्चित मामले में प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना, नियमों पर ताक पर रखकर करोड़ों की जमीन की बंदरबांट करने के आरोप में उपायुक्त सुशील सारवान ने सरपंच पवन कुमार को निलंबित कर दिया है। साथ ही तत्कालीन बीडीपीओ अंकुर कुमार व ग्राम सचिव दिनेश मलिक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं।

बता दें कि यह पूरा प्रकरण वर्ष 2018 के एक मामले से जुड़ा है, जिसमें हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2018 को जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद 13 मई 2025 को नियमों के विरुद्ध जाकर बेदखली की कार्रवाई की गई। कोर्ट ने इस कार्य को अदालत की अवमानना करार देते हुए पूरे मामले की विजिलेंस जांच के निर्देश दिए हैं। अवैध नीलामी व चहेतों को बांटे गए प्लाटों की जांच में सामने आया कि 17 जून 2025 को बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के 100 एकड़ से अधिक जमीन की नीलामी कर दी गई।गांव गढ़ मिरकपुर में करीब 157 एकड़ पंचायती भूमि से जुड़े बहुचर्चित मामले में प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है।



### 16 प्लॉटों में से 8 प्लॉट एक ही व्यक्ति के नाम करने का आरोप

मामले में कुल 16 प्लॉटों में से 8 प्लॉट एक ही व्यक्ति मुकेश पुत्र रामकुमार के नाम करने का आरोप है। साथ ही नियमों के विपरीत 55 एकड़ जमीन एक निजी कंपनी को सब-लीज पर दे दी गई। सरपंच पवन कुमार, जो खुद इस केस में प्रतिवादी थे, उन पर आरोप है कि उन्होंने जानबूझकर कोर्ट के आदेशों की जानकारी छिपाई। उपायुक्त ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम की धाराओं के तहत सरपंच को सस्पेंड कर पंचायत का रिकार्ड बहुमत वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए हैं। तत्कालीन बीडीपीओ अंकुर कुमार के खिलाफ सरकार को कार्रवाई की सिफारिश भेजी गई है, जबकि ग्राम सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी जिला परिषद सीईओ को दी गई है।

# सड़क हादसे में बुझा इकलौता चिराग

- पिता की करीब दस वर्ष पहले हो चुकी है मृत्यु, परिवार में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के सामने फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी में बाइक टकराने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 22 वर्षीय रोहित निवासी गांव मछरौली, जिला पानीपत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रोहित कोहिनूर कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। वह घने कोहरे के बीच रोजाना की तरह बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह बाल भवन स्कूल के सामने फ्लाईओवर पर पहुंचा, तभी वहां सड़क किनारे खड़ी एक महिंद्रा पिकअप से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद रोहित सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### 28 फरवरी को होनी थी शादी



रोहित की 28 फरवरी को शादी तय थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं और परिवार खुशी के माहौल में था, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं। रिश्तेदारों और गांव में शोक की लहर फैल गई।

### घर का इकलौता सहारा था रोहित

रोहित अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके पिता की करीब दस वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। वह अपनी मां के साथ रहता था। बेटे की मौत के बाद मां बेसहारा हो गई है। गांव में हर आंख नम है।

# रिटायर्ड कंडक्टर की हत्या, प्लॉट पर सोते समय वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में एक रिटायर्ड कंडक्टर की अज्ञात व्यक्ति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह वारदात उस समय अंजाम दी गई, जब बुजुर्ग अपने प्लॉट पर बने कमरे में अकेले सो रहे थे। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान गांव भैंरा बांकीपुर निवासी 68 वर्षीय रोहतास के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हत्या की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह साफ है कि हत्या पूरी योजना के तहत की गई है। परिजनों के अनुसार रोहतास रोजमर्रा की तरह रात को अपने घर पर भोजन करने के बाद पास ही स्थित अपने प्लॉट पर बने कमरे में सोने चले गए थे। यह उनका नियमित क्रम था। देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे में घुसकर सोते समय उनका गला दबा दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब काफी देर तक रोहतास घर नहीं लौटे तो परिजनों को शक हुआ। जब वे प्लॉट पर पहुंचे तो कमरे के अंदर उनका शव पड़ा मिला।



सोनीपत। वारदात स्थल पर मौजूद पुलिस कर्मी साथ में लोग।

### आठ साल पहले हुए थे सेवानिवृत्त



रोहतास करीब आठ साल पहले दिल्ली परिवहन निगम से बतौर कंडक्टर से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने गांव में ही रह रहे थे और शांत जीवन व्यतीत कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार उनका स्वभाव बेहद शांत था और किसी से कोई विवाद सामने नहीं आया है। इसी वजह से हत्या की यह वारदात सभी के लिए चौंकाने वाली है।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में भरा ज्ञान का प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएसएलएसए) व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एसएम हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र कुमार ने शिरकत की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के जिलाभर के राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला गणित विशेषज्ञ नीति ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून, नियमों, नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विद्यार्थियों ने भाषण, स्लोगन लेखन, निबंधन लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, नाटक, कविता पाठ, चित्रकला, पावर पॉइंट प्रजेंटेशन जैसी गतिविधियों व सामाजिक मुद्दों पर डाक्यूमेंट्री निर्माण में भाग लिया। प्रतियोगिताओं का विषय दहेज उन्मूलन, मानवाधिकार, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, सड़क सुरक्षा, संविधान मूल्य जैसे मुद्दों पर आधारित रहा। जिलास्तर पर विजेता विद्यार्थी 5 फरवरी को रोहतक में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके बाद विजेताओं को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



सोनीपत के एसएम हिंदू विद्यालय में उप जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र कुमार व अतिथियों के साथ मौजूद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी।

विधायक ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

# 7.35 लाख से बनेगी सड़क, 10 लाख में बिछाई जाएंगी पेयजल लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार सुबह विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन वार्ड नं 15 के तीर्थ मार्केट में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद अतुल जैन और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर लोगों ने विधायक और पूर्व मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक ने बताया कि वार्ड नंबर 15 की तीर्थ मार्केट की जर्जर हो चुकी पुरानी गलियों को सीसी से पक्का करने का काम शुरू किया गया है। इस पूरे कार्य को लगभग 35 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि तीर्थ मार्केट की गलियों के निर्माण के साथ ही मिशन कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य का भी शुभारंभ किया गया है।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर पूर्व पार्षद अतुल जैन, मार्केट कमेटी वाईस चेयरमैन संजय वर्मा, चरण सिंह जोगी, नीरज आत्रेय आदि रहे।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में पूर्व मेयर एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

# जाली वसीयत तैयार करने में चार को 3-3 साल कैद

- अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिप्ती ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिप्ती ने संपत्ति हड़पने की नीयत से जाली वसीयत तैयार करने के मामले में चार आरोपितों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियों को तीन-तीन साल कैद व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। आर्य नगर निवासी कुसुमलता ने सिटी थाना सोनीपत में 18 जुलाई 2013 को जाली वसीयत तैयार कर संपत्ति हड़पने की शिकायत दर्ज करवाई थी। कुसुमलता ने शिकायत में बताया था कि उसके ससुर गांव हरसाना कलां निवासी सिंह राम की कृषि भूमि को हड़पने की कोशिश के तहत साजिश रचते हुए जाली वसीयत तैयार की गई। इसी मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने चार आरोपितों को दोषी माना। अदालत ने काठ मंडी निवासी भगत सिंह, हरसाना कलां के रामधारी तथा मूलचंद नंबरदार और बिंदरौली के प्रेम सिंह को धारा 467 और 120-बी के तहत दोषी ठहराया और सजा सुनाई।

### कैबिनेट मंत्री ने बैठक कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

विकास कार्यों को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी

# निकाय चुनावों की तैयारी को लेकर भाजपा ने कसी कमर, पंवार बोले, हर सीट पर उतारेंगे मजबूत प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कैबिनेट मंत्री एवं निकाय चुनाव के सोनीपत प्रभारी कृष्णलाल पंवार और सह प्रभारी जवाहर सैनी मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे।


यहां दोनों नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत संगठनात्मक बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। कैबिनेट मंत्री पंवार ने कहा कि भाजपा निकाय चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य हर वार्ड और हर निकाय सीट पर मजबूत और भरोसेमंद उम्मीदवार उतारना है। बैठक के दौरान कुछ आवेदकों ने अपने आवेदन जमा करवाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। बैठक में विधायक निखिल मदान, सोनीपत जिला प्रभारी सतीश नांदल, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व मेयर राजीव जैन, अनिल ठक्कर, देवेंद्र कौशिक, माई राम कौशिक, सुमित्रा चौहान, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, तरुण देवीदास, त्रिभुवन कौशिक, पुनीत त्यागी आदि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद मंत्री, विधायक साथ में भाजपा पदाधिकारीगण।

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

कृष्णलाल पंवार ने कहा कि निकाय चुनाव केवल स्थानीय सरकार चुनने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह विकास और सुशासन पर जनता की मुहर होते हैं। भाजपा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सड़कों, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिला है। इन्हीं विकास कार्यों को लेकर पार्टी जनता के बीच जाएगी।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

## लाइफ Style



# तापसी एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को



लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।

## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

***लॉस एंजिल्स।*** *संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामांकन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी



इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।

### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

## खबर संक्षेप

### खो-खो प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर ।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से आठवीं के बच्चों के मध्य में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की फुर्ती, टीमवर्क और रणनीति देखने योग्य रही। फाइनल मुकाबला कक्षा छठी और आठवीं के मध्य हुआ। खेल में शानदार प्रदर्शन करते कक्षा छठी के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय भारत गुप्ता ने कहा कि खो-खो जैसे पारंपरिक खेल विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के गुण विकसित करते हैं।

### प्रताप स्कूल के अर्जुन बने राज्य स्तरीय विजेता

**खरखौदा ।** एससीईआरटी, गुरुग्राम द्वारा आयोजित 53 वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025–26 में प्रताप स्कूल के होनहार छात्र अर्जुन हुड्डा ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (सतत कृषि) विषय पर उत्कृष्ट वैज्ञानिक परियोजना प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्जुन हुड्डा की परियोजना में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा किसानों के लिए व्यावहारिक और लाभकारी तकनीकों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

### बुढ़ापा पेंशन कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** सोनीपत में बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटे जाने के विरोध में जिला पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी के जिला उप प्रधान संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में बुजुर्गों ने एडीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संजय ने कहा कि लगातार फैमिली आईडी में गलत इनकम दर्ज किए जाने और सालाना बिजली बिल 26 हजार रुपये से अधिक होने का आधार बनाकर बुजुर्गों की पेंशन काटी जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पेंशन सम्मान भत्ता है, जिसे बुजुर्गों के सम्मान के लिए शुरू किया गया था।

### वेतन की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले कर्मी

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय, खरखौदा को 6 जून 2025 को सरकारी घोषित किया गया था। महाविद्यालय में कार्यरत अस्थायी एवं स्ववित्त पोषित नियमित (विश्वविद्यालय से स्वीकृत) शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का अब तक न तो सरकारी व्यवस्था में समायोजन किया गया है और न ही पिछले 6 माह से वेतन जारी किया गया है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने समस्याओं को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के सामने रखा। मामले में संज्ञान में लेते शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों का लंबित वेतन जारी किया जाए।

### प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान

**खरखौदा।** जग उत्थान खेल शिक्षा समिति की अध्यक्ष स्नेह दहिया के नेतृत्व में क्षेत्र में प्राकृतिक खेती – समृद्ध किसान अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान किसानों व क्षेत्रवासियों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया गया तथा इससे होने वाले लाभ से परिचित कराया गया। स्नेह दहिया ने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि भूमि की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

### हलालपुर गांव में दंगल रक्तदान शिविर आज

**खरखौदा।** ओलंपियन पहलवान धर्मवीर की याद में चार फरवरी को हलालपुर गांव के देशराज स्टेडियम में कुश्ती दंगल होगा। आयोजक सोमवीर ने बताया कि धर्मवीर पहलवान ने 28 बार राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करके देश का नाम रोशन किया था। उनकी याद में हर वर्ष कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है। नामी पहलवान भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। मिट्टी के मैदान में आयोजित किए जाने वाले दंगल में पहली 51 , दूसरी 31, तीसरी का 21 हजार, चौथी व पांचवीं कुश्ती का इनाम 11-11 हजार रखा है।

---

### यूनियन का धरना जारी, प्रबंधन पर अपनी गलतियां छिपाने का आरोप

# मुरथल विवि में गैर-शिक्षक कर्मियों ने प्रबंधन के पत्र जलाकर जताया विरोध

**12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का किया ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में मंगलवार को गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन का लंबित मांगों पर धरना जारी रहा। यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से जब तक कर्मचारियों की मुख्य मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यूनियन का धरना जारी रहेगा। धरने के दौरान कर्मचारियों ने पत्र जलाकर विरोध जताया। साथ ही सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा के आह्वान पर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लेकर विवि प्रबंधन को ज्ञापन दिया गया।

प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि धरने बारे विवि कर्मचारियों ने प्रबंधन को लिखित रूप में पहले ही अवगत करवाया था। साथ ही लेखा शाखा के वित्त नियंत्रक की ओर से पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि उक्त वित्त नियंत्रक अधिकारी की ओर से पदाधिकारियों के खिलाफ धरने उपरांत लेखा-शाखा कर्मचारियों की ओर से गलत ब्यान दर्ज करवाकर विवि प्रबंधन को शिकायत पत्र दिया गया। उक्त पत्र में लेखा-शाखा के ही एक कर्मचारी की ओर से हस्ताक्षर न करने के कारण उक्त अधिकारी ने कर्मचारी को उसकी कार्यशैली खराब बताकर पत्र थमा दिया गया।



सोनीपत। मुरथल स्थित डीसीआरयूएसटी में धरने के दौरान पत्र जलाकर विरोध जताते गैर-शिक्षक कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### कर्मचारियों के हितों को नजर अंदाज करने का आरोप

प्रधान सुरेश कुमार का आरोप है कि विवि कुलपति अपने निजी स्वार्थ में लिए फैसलों को लागू कर देते हैं, लेकिन कर्मचारी हितों वाले फैसलों को नजरअंदाज किया जा रहा है। विवि की कार्यकारिणी की 40वीं बैठक के मद संख्या 63 में यह निर्णय लिया गया था कि सरकार की ओर से विवि को जो भी पत्र संदर्भित किए जाएंगे, उनको विवि में लागू किया जाएगा, लेकिन विवि कुलपति हमेशा उक्त पत्रों का उल्लघंन करते आए हैं। उनका कहना है कि वह मुख्य सचिव की ओर से जारी दिशा-निर्देशों को अपनाने के लिए बाध्य नहीं हैं। वह केवल तकनीकि शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की पालना करेंगे।

#### कुलपति के रिकवरी संबंधी बयान को बताया निंदनीय

कर्मचारियों ने बताया कि कुलपति ने डेढ़ लाख की रिकवरी संबंधी बयान दिया है, जो कि निंदनीय है। उनका कहना है कि सरकार के वित्त विभाग की ओर से जारी किए गए पत्र दिनांक 23 फरवरी 2016 के तहत किसी भी चतुर्थ व तृतीय श्रेणी कर्मचारी को दिए गए भत्ते की रिकवरी नहीं बनती है, इसके बावजूद विवि प्रबंधन सरकारी आदेशों की अवहेलना कर रहा है। कुलपति का दिया गया बयान निराधार है, न ही इस प्रकार का कोई पत्र विवि में उपलब्ध है। कर्मचारियों ने वित्त नियंत्रक पर आरोप लगाते हुए बताया वह विवि के विश्राम गृह में बिना किसी अनुमति या फीस के ठहराव करते हैं। उनकी ओर से यहां कोई प्रवेश संबंधी प्रविष्टि भी दर्ज नहीं की जाती है।

---

### राष्ट्रपति अवॉर्डी रह चुकी हैं प्रोफेसर ज्योति राज

# महिला विवि अकादमिक परिषद में प्रो. ज्योति सदस्य नामांकित

- शिक्षाविद होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाजसेवा के लिए हैं अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर ज्योति राज को खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद में सदस्य के तौर पर नामांकित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2024 में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से यूजीसी की कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत प्रो. ज्योति राज को प्रो के पद पर पदोन्नत किया गया है। नियमानुसार प्रोफेसर पद पर उन्हें बैक डेट से वर्ष 2016 से यह पदोन्नति दी है। जिला की प्रोफेसर ज्योति राज एनएसएस के क्षेत्र में राष्ट्रपति अवॉर्डी रही हैं। शिक्षाविद होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाजसेवा के लिए अग्रसर हैं। ज्योति ने बताया कि उन्होंने पंजाब विवि, चंडीगढ़ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। यूजीसी रिसर्च अवॉर्डी के तौर पर उन्होंने महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर शोध कार्य किया। वह अध्यापन को एक मिशन की तरह अपने जीवन में धारण कर महिला शक्तिकरण में निरंतर योगदान दे रही हैं।



प्रोफेसर ज्योति राज।

#### कवयित्री, लेखिका व मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं प्रो. ज्योति राज

प्रो.ज्योति राज एक कवयित्री, लेखिका व मोटिवेशनल स्पीकर (प्रेरक वक्ता) भी हैं। इस नामांकन के माध्यम से प्रो. ज्योति की विशेषज्ञता व अध्यापन के क्षेत्र में योगदान को विश्वविद्यालय की ओर से मान्यता मिली है। सदस्य के तौर पर वह अकादमिक नीतियों, पाठ्यक्रम विकास, रणनीतिक निर्णयों को आकार देने एवं अकादमिक मानकों और शिक्षण व अनुसंधान में नवाचार सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगी। वह अकादमिक, प्रशासकों, उद्योग विशेषज्ञों के साथ सहयोग कर नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ ले सकती हैं।

#### शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठा व विश्वसनीयता बढ़ी

अकादमिक परिषद की सदस्य नामांकित होने से प्रोफेसर ज्योति राज की पेशेवर प्रोफाइल व शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ी है। प्रो. ज्योति राज ने इस नामांकन के लिए कुलपति प्रो. डॉ. सुदेश छिक्कारा का आभार जताया। प्रो. ज्योति राज ने बताया कि कुलपति प्रो. डॉ. सुदेश छिक्कारा के मार्गदर्शन में उन्हें सतत नया सीखने की प्रेरणा मिलेगी। जिसकी सहायता से अपने आगे भी छात्राओं के लिए प्रेरक के रूप में प्रयासरत रहेंगी।

---

# आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश

- एसएमडीए की बैठक में रिठाला–नरेला–कुंडली मेट्रो, आरआरटीएस और सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने वायु और जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को योजनाबद्ध और आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर की आबोहवा और जल स्रोतों की स्थिति में सुधार लाया जा सके।

डीएस ढेसी मंगलवार को सोनीपत शहरी विकास प्राधिकरण की छठी मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहर में चल रहे विकास कार्यों और प्रस्तावित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने नगर निगम आयुक्त और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शहर की प्रमुख और आंतरिक सड़कों की नियमित और प्रभावी सफाई के लिए स्वीपिंग मशीनों का निरंतर उपयोग किया जाए, जिससे सड़कों पर धूल के कण न जमें और वायु प्रदूषण कम हो।





सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

#### काम में तेजी लाएं

रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो परियोजना और आरआरटीएस परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। डीएस ढेसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि इन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। सिंचाई विभाग और एनएचएआई से संबंधित एनओसी के मामलों पर स्पष्ट निर्देश कि नियमानुसार एनओसी तुरंत जारी की जाए।

---

# शिविर में 205 लोगों के नेत्र जांचे, 18 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

- दी महाराजा अग्रसेन समिति ने किया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दी महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा 42वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी, सोनीपत में किया गया। शिविर में दिल्ली स्थित वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आए अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान कुल 205 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई, जिनमें से 18 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन सभी मरीजों को उसी दिन निःशुल्क ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया। अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर जरूरतमंद मरीजों को अर्णव ऑप्टिशियन की ओर से निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं वर्मा लैब की टीम द्वारा शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी पूर्णतः निःशुल्क की गई, जिससे मरीजों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सका। मौके पर समिति के वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंगला आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

---



सोनीपत। विजेता छात्राएं साथ में डॉ. सुमन मान। फोटो :हरिभूमि

#### फुटबॉल इंटर कॉलेज में छात्राओं ने जीता तीसरा स्थान

**सोनीपत।** हॉल ही में मदवि द्वारा आयोजित फुटबॉल इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 1 फरवरी से 2 फरवरी को पंडित नेकीराम कॉलेज रोहतक में आयोजित की गई थी। जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की टीम ने पहला मैच झज्जर बादली कॉलेज की टीम से 4-0 जीता। वीएनएम कॉलेज से पेनल्टी शॉट पुट में हराकर तृतीय स्थान के लिए पंडित नेकीराम को 2-0 से हराते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज की टीम में से 6 छात्राओं का चयन (सरगम, तनीषा, कीर्ति, ज्योति, अन्नू, संजना) का चयन विश्वविद्यालय के लिए हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता कुहाड़ ने भी छात्राओं को बधाई दी।

# छात्राओं ने एआई आधारित नवाचार परियोजनाओं से दिखाई तकनीकी दक्षता

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में एआई मेकाथॉन का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को प्रीमियर एआई मेकाथॉन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्राओं ने नवाचार आधारित परियोजनाओं एवं रचनात्मक विचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति रुचि विकसित करना व वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु तकनीकी सोच को बढ़ावा देना रहा। कॉलेज के प्रधान ओपी परूथी और कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी। मेकाथॉन के दौरान कुल 6 टीमों ने अपनी एआई आधारित परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिनका मूल्यांकन प्रस्तुतीकरण, कंटेंट, तकनीकी दक्षता तथा प्रोजेक्ट आइडिया के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में 27 छात्राओं ने भाग लिया। मूल्यांकन के उपरांत कॉलेज की दो सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन किया गया। टीम-1 (जीवीएम टेक टीम), जिसमें अक्षिता, निशा, हीना एवं हेना शामिल रहीं, को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ तथा टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।



सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्या साथ में अतिथि।

#### ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया विवाह बंधन में बंधे

**बहादुरगढ़।** हरियाणा की माटी से निकलकर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बहादुरगढ़ स्थित हिल्टन रिसॉर्ट में अपने पिता के मित्र की पुत्री शिवानी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सात फेरे लिए। अर्जुन अवॉर्डी दीपक की पत्नी शिवानी झज्जर जिले के गांव निलोठी की रहने वाली हैं। वह रोहतक के जाट महाविद्यालय से अंग्रेजी ऑनर्स में स्नातकोत्तर और बीएड कर चुकी हैं तथा वर्तमान में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। दीपक और शिवानी की सगाई सितंबर में हुई थी। सोमवार दो फरवरी को झज्जर में स्थित धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीका समारोह हुआ था। मंगलवार तीन फरवरी की सायं छारा गांव से बारात रवाना होकर बहादुरगढ़ के हिल्टन रिसॉर्ट पहुंची। यहां अतिथियों के स्वागत के बाद विवाह की सभी रस्में विधिवत पूरी की गईं। समारोह में कुश्ती और खेल जगत की कई जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। दीपक पूनिया का जन्म 19 मई 1999 को झज्जर जिले के छारा गांव में हुआ था। पिता सुभाष स्वयं स्थानीय स्तर के पहलवान रहे और उन्होंने महज पांच वर्ष की उम्र में दीपक को अखाड़े में उतार दिया। कोच वीरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हुए दीपक ने कुश्ती की बारीकियां सीखीं।



---

### अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर तैनात कर्मचारी महिलाओं को अगली तारीख देकर लौटा रहे बैरंग

# नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के नाम पर महिलाओं को किया जा रहा भ्रमित

*कर्मचारी बोला डॉक्टर अवकाश पर है, जबकि अंदर ड्यूटी पर तैनात रहे चिकित्सक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित जिला नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व जांच करवाने आई महिलाओं को भ्रमित करने का मामला सामने आया है। अल्ट्रासाउंड व जाचं करवाने के लिए अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर खड़ी कुछ महिलाओं ने वहां तैनात कर्मचारी पर भ्रमित करने का आरोप लगाया। महिलाओं का आरोप है कि अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर तैनात कर्मचारी ने उन्हें चिकित्सक के दो दिन की छुट्टी पर होने की बात कहकर पर्ची पर आगे की तारीख डालकर 4 दिन बाद दोबारा आने की कहीं। इससे उन्हें इलाज करवाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। इतनी बात कहकर महिलाएं व युवती बिना जांच करवाए वापस लौट गई। अस्पताल में मंगलवार को 16 वर्षीय अंशु, 38 वर्षीय सपना अपनी पेट की समस्या के चलते नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए पहुंची। चिकित्सक से परामर्श के बाद उसे अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी गई। जब अंशु अल्ट्रासाउंड कक्ष में पहुंची, तो उसके कार्ड पर 4 दिन बाद की 7 फरवरी तारीख लिख दी गई। जब उसने तारीख आगे देने का कारण पूछा, तो कर्मचारी ने बताया कि चिकित्सक दो दिन की छुट्टी पर हैं। ऐसे में अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर जांच करवाने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। हालांकि जब इस संबंध में अल्ट्रासाउंड चिकित्सक से सीधे पूछा गया, तो उन्होंने ड्यूटी पर कार्यरत होने की बात कही।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर लगी महिलाओं की भीड़।

#### चिकित्सक ने दिया परामर्श, हाथ लगी निराशा

इस दौरान अंशु ने बताया कि उसे कई दिन से पेट में समस्या थी। वह पहले भी अस्पताल से दवा ले चुकी है, लेकिन आराम न मिलने पर एक सप्ताह बाद दोबारा अस्पताल इलाज के लिए पहुंची। चिकित्सक ने जांच को आवश्यक बताते हुए अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लिखा, लेकिन कक्ष में पहुंचते ही कर्मचारियों के रवैये के कारण उसे निराशा का सामना करना पड़ा।

#### महिलाओं ने जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

कुछ महिलाओं ने नाम न बताते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि इस तरह की गलत जानकारी से मरीजों को भ्रमित कर मानसिक परेशान किया जा रहा है। साथ ही उनके इलाज में देरी हो रही है। नागरिक अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में कर्मचारियों की ओर से इस प्रकार मरीजों को भ्रमित करना निंदनीय है। महिलाओं ने अस्पताल प्रबंधन से मामले की जांच कर कर्मचारी पर उचित कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में मरीजों को इस तरह परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### मामला संज्ञान में नहीं

नागरिक अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष में मंगलवार को डॉ. धर्मेंद्र यादव ड्यूटी पर तैनात रहे। हालांकि महिला चिकित्सक डॉ. निधि अवकाश पर रही। कर्मचारी के महिलाओं का भ्रमित करने का मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा मामला है, तो कर्मचारी से जवाबदेही मांगी जाएगी।

- डॉ. आदित्य, डीएमएस, नागरिक अस्पताल, सोनीपत

## खबर संक्षेप



### कबड्डी खिलाड़ी साक्षी का गांव में भव्य स्वागत

**खरखौदा।** गोरड गांव की साक्षी तोमर ने तेलंगाना में 72 वीं सीनियर नेशनल गर्ल्स कबड्डी 2026 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है। पैतृक गांव में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक पवन खरखौदा के पिता आजाद भौरिया ने समारोह में पहुंचकर विजेता खिलाड़ी को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साक्षी तोमर द्वारा जीता गया गोल्ड मेडल क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे हमारी अन्य बेटियां भी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प ले। बेटियां आज समाज में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वह हर क्षेत्र में अग्रणी है।

### आप के सदस्यों ने किया धरना प्रदर्शन

**सोनीपत।** सोनीपत जिला टाउन प्लानिंग कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा जिला टाउन प्लानिंग द्वारा जारी सभी फर्जी एनओसी की जांच की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने ओबीसी के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ रोहिल्ला के नेतृत्व में धरना दिया तथा नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के जिला सचिव विकास दहिया ने की।

### एस-7 में कुकिंग विदाउट फ्लेम गतिविधि आयोजित

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में मंगलवार को "कुकिंग विदाउट फ्लेम" गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए व्यंजन तैयार किए। विद्यार्थियों ने फ्रूट चाट, सैंडविच, सलाद, स्प्राउट्स, जूस आदि व्यंजन बनाकर अपनी सृजनात्मकता और सजावट कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित तरीके से भोजन बनाने की जानकारी देना तथा स्वच्छता और पोषण के महत्व से अवगत कराना था।

## जिले के 73 पटवारियों व 19 कानूनगो के हड़ताल करने से पटवारखाना बंद

# 400 इंतकाल, 225 रजिस्ट्री और 600 रिहायशी प्रमाण पत्रों का कार्य प्रभावित

### कामकाज ठप, लोगों की गुहार पर भी नहीं हो रहा काम, नहीं होगी फसल गिरदावरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, हरियाणा के आह्वान पर जिला पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबा में गलत रिपोर्ट के मामले में निलंबित किए गए पटवारियों के समर्थन में मंगलवार को भी अपनी हड़ताल जारी रखी। लघु सचिवालय परिसर के धरना स्थल पर पटवारियों व कानूनगों ने धरना देकर रोष जताया। हड़ताल के चलते जिला में रोजाना करीब 400 इंतकाल, 225 रजिस्ट्री व 600 रिहायशी प्रमाण पत्र संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पटवारियों व कानूनगो ने सरकार को चेताया कि अगर निलंबित किए गए 6 पटवारियों को जल्द बहाल नहीं किया तो वह 5 फरवरी से शुरू होने वाली फसल गिरदावरी भी नहीं करेंगे। जिले के 73 पटवारियों व 19 कानूनगों के हड़ताल पर जाने से पटवारखानों पर होने वाले कार्य नियमित रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इससे खेतों में जमीन गिरदावरी का कार्य पूर्ण रूप से ठप हो रहा है। साथ ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व फर्द संबंधी कार्य भी प्रभावित हैं। लोगों की गुहार लगाने के बावजूद पटवारी व कानूनगो जरूरी कागजातों को सत्यापन करने को राजी नहीं हैं। राज्य प्रधान जयबीर चहल व महासचिव सन्नी दहिया ने बताया कि 5 फरवरी से प्रदेश स्तर पर रबी फसलों की गिरदावरी शुरू होनी है। इससे पहले सरकार निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल करें, अन्यथा वह फसल गिरदावरी का कार्य नहीं करेंगे। एसोसिएशन की मांग है कि 6 निलंबित पटवारियों को बहाल किया जाए। पटवारियों की तर्ज पर कानूनगों को भी तीन इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए। नवनियुक्त पटवारियों के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा का नोटिफिकेशन जारी किया जाए। अन्यथा धरना जारी रहेगा। धरने में पटवारी मनीष, अनिल, सुधीर, अनुज, कानूनगो राजेश मलिक, जगदीश व रामदास मौजूद रहे।



**सोनीपत।** सोनीपत के लघु सचिवालय परिसर में धरना स्थल पर हड़ताल कर रोष जताते दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी व सदस्य।

#### दिसंबर में धरना देकर सीएम से कर चुके मांग

मामले को लेकर पटवारियों व कानूनगो ने 8 दिसंबर को लघु सचिवालय परिसर में धरना देकर रोष जताया था। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन देकर जल्द 6 पटवारियों को बहाल करने की मांग की थी। इनमें जींद से अनिल, गुरुग्राम से सुनील, भिवानी से कृष्ण, कुरुक्षेत्र से जतिन चावला, चरखी दादरी से अमित कुमार व फतेहाबाद से सतपाल शामिल हैं। आरोप है कि हड़ताल के बावजूद सरकार ने निलंबित किए गए 6 पटवारियों को बहाल नहीं किया है। इससे प्रदेशभर के पटवारियों व कानूनगो में रोष है।

#### अधिकारियों को बचाने का आरोप

एसोसिएशन के राज्य महासचिव एवं जिला प्रधान सन्नी दहिया ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 में फसल खराबा के लिए 6395 गांव के 529199 किसानों ने 31 लाख 234 एकड़ जमीन के लिए पंजीकरण किया था। इसका सत्यापन करने के लिए 1400 पटवारियों को 20 दिन का समय दिया गया। इसके बाद 25 फीसदी रकबा तहसीलदार, एसडीएम, जिला राजस्व अधिकारी, नगराधीश व आयुक्त ने सत्यापन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पटवारी के सत्यापन की पड़ताल उच्च अधिकारियों ने भी की, तो अकेले पटवारी को निलंबित करना गलत है। पड़ताल करने वाले अधिकारियों को बचाने का काम किया गया है।

## आईटीआर की समय-सीमा बढ़ाने से मध्यम वर्ग को राहत : त्यागी

### केंद्रीय बजट को बताया संतुलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सीए अरुण त्यागी, को-ऑप्टेड मेंबर, एआई अवेयरनेस एंड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, एनआईआरसी-आईसीएआई ने केंद्रीय बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक मजबूत और संतुलित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सुधार एक्सप्रेस' के रूप में देश को तेज आर्थिक प्रगति की राह पर ले जाने वाला है, जिसमें युवा शक्ति, उत्पादकता, आकांक्षाएं और सबका विकास प्रमुख आधार हैं। सीए अरुण त्यागी ने कहा कि नए आयकर अधिनियम 2025 को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का निर्णय कर प्रणाली को सरल और करदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाएगा। आयकर स्लैब में बड़े बदलाव न होने के बावजूद आयकर रिटर्न प्रक्रिया को आसान करना और संशोधित आईटीआर की समय-सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च करना मध्यम वर्ग को राहत देगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की विकास निधि और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सीए त्यागी ने कहा कि कैंसर की दवाइयों, सोलर पैनल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन के सस्ते होने से आमजन को लाभ मिलेगा।

## संत रविदास भवन का 18 लाख की लागत से विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव पुरखास धीरान में 18 लाख रुपये की लागत से निर्मित संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन का विधायक देवेंद्र कादियान ने लोकार्पण किया। 150 वर्गगज भूमि पर बने इस भवन को उन्होंने ग्रामवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पुरखास धीरान के सरपंच बहादुर पहलवान, पुरखास राठी के सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगड़ा सहित ग्रामीणों ने विधायक काफूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कादियान ने नवनिर्मित भवन में स्थापित संत गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाती हैं। उनके विचारों को अपनाकर ही एक सशक्त और उन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव है। पंचायती राज विभाग के जेई लोकेश ने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। इसमें मुख्य हाल सहित आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे गांव के जरूरतमंद परिवारों को मांगलिक कार्यों, सामाजिक आयोजनों और बैठकों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### डीसीआरयूएसटी, मुरथल और एनआईटी दिल्ली के बीच हुआ शैक्षणिक सहयोग

**सोनीपत।** भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), दिल्ली के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।



इस संबंध में डीसीआरयूएसटी के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और एनआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. अजय शर्मा के बीच बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों संस्थानों के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) को लेकर सहमति बनी। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि यह सहयोग भारत की तकनीकी संप्रभुता और स्वदेशी नवाचार को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रस्तावित साझेदारी के तहत उन्नत रोबोटिक्स, वीएलएसआई डिजाइन, औद्योगिक स्वचालन, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। बैठक के अंत में कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने प्रो. अजय शर्मा को सम्मानित किया।

## हर जिला में खुलेगा महिला हॉस्टल : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को गोहाना में आयोजित महिला सम्मेलन में मोदी सरकार के बजट की विशेषताएं बताईं। उन्होंने कहा कि बजट में मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराई है। केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हर जिला में महिला हास्टल खोलने की घोषणा की है।

- **सी-मार्ट से महिलाएं सशक्त होंगी, उत्पादों को बेचने के लिए मिलेगा सीधा बाजार**

डॉ. अर्चना गुप्ता ने गांव बड़ौता में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बजट में सी-मार्ट खोलने की घोषणा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे ग्रामीण महिलाएं अब उद्यमों की मालिक बन सकेंगी। सी-मार्ट का पूरा प्रबंधन महिलाओं के हाथ में होगा। जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ग्राम सरपंच संदीप, जिला भाजपा प्रभारी डॉ. किरण कलकल व पूर्व चैयरमेन हरियाणा सरकार प्रतिभा सुमन मौजूद रही।



### कन्याकुमारी से कश्मीर तक किसान जागृति यात्रा का आगाज 7 फरवरी से

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक की ओर से 7 फरवरी से शुरू होने वाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक किसान जागृति यात्रा को लेकर किसान संगठनों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा के लिए कन्याकुमारी रवाना होने से पहले शुक्रवार को सोनीपत में किसान नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान किसान नेताओं ने देशभर के किसानों से इस यात्रा में समर्थन और सहयोग देने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि यह यात्रा किसानों की लंबित और महत्वपूर्ण मांगों को लेकर निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। इसी के विरोध और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह किसान जागृति यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर तक जाएगी। जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि इस यात्रा का समापन 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी किसान महापंचायत के आयोजन के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी-बड़ी किसान महापंचायतें, किसान सम्मेलन, पैदल मार्च, ट्रैक्टर मार्च और स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### केंद्रीय बजट से देश का आधारभूत ढांचा होगा मजबूत : अरुण बड़ौक



अरुण बड़ौक।

**गोहाना।** भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अरुण बड़ौक ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट से देश का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। देश के लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में नई सुविधाएं मिलेंगी और रोजगार एवं शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। बजट से हर वर्ग को फायदा पहुंचेगा। अरुण बड़ौक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए अंत्योदय की भावना के साथ आगे बढ़ रही है। हाल ही पेश किए गए आम बजट में भी केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखा गया है। बजट में बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ किया गया है। पिछले वर्ष से 1 लाख करोड़ रुपए अधिक है। बजट से दुर्लभ खनिज की खोज व उत्कर्षण से भारत की इस क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, ऑटोमोबाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, सेमी कंडक्टर के क्षेत्र मे भारत आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा जिससे परमाणु ऊर्जा अधिक मात्र मे मिलेगी।



**राई।** ओम शांति स्कूल के शिक्षक के लिए कला–समेकित शिक्षण विषय पर कार्यशाला में भाग लेते हुए।

### शिक्षकों के लिए कला-समेकित शिक्षण विषय पर हुई कार्यशाला

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाथूपुर में शिक्षकों के लिए कला-समेकित शिक्षण (आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग) विषय पर कार्यशाला हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने संसाधन व्यक्तियों राजिंदर कौर व प्रितिका का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राजिंदर कौर ने कहा कि कला-समेकित शिक्षण से विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है और सीखने की प्रक्रिया रोचक व प्रभावी बनती है। कार्यशाला में संसाधन व्यक्तियों ने कला-समेकित शिक्षण की अवधारणा को सरल, व्यवहारिक व गतिविधि-आधारित तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने भाषा, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को चित्रकला, रंगोली, कोलाज, पोस्टर व चार्ट डिजाइनिंग, कविता-कहानी लेखन, गीत व लयात्मक गतिविधियां, नाट्य प्रस्तुति, रोल-प्ले, कठपुतली निर्माण, मॉडल व शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण के माध्यम से पढ़ाने की विधियां बताईं।



**गोहाना।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी प्रशस्ति पत्रों के साथ।

### बाल कलाकार प्रतियोगिता में निशा प्रथम

**गोहाना।** बुधवार को महम मार्ग स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में बाल कलाकार प्रतियोगिता आयोजित की गई। बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के एमडी राजबीर राठी और प्राचार्य महेन्द्र पाराशर ने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से निशा को प्रथम घोषित किया गया। कक्षा 8वीं से दीप अहलावत और नमन द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 7वीं से विहान तृतीय स्थान पर रहे। एमडी राजबीर राठी ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सफलता का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल बनने के लिए अनुशासन, कठोर मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढना आवश्यक है।




**गन्नौर।** स्कूल प्रधानाचार्य रजनी शर्मा के साथ 12वीं कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र।

### रौनक स्कूल में विदाई समारोह संपन्न

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि कक्षा 12वीं विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में कक्षा 12 के सत्यम को मिस्टर आरपीएस तथा लावण्या को मिस आरपीएस का खिताब दिया गया। अन्य विद्यार्थियों को भी उनकी प्रतिभा के आधार पर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियां साझा कीं।

### गीता विद्या मंदिर में समर्पण अभियान के तहत बैठक में विचार-विमर्श

**गोहाना।** बुधवार को गीता विद्या मंदिर, गोहाना में विद्या भारती के समर्पण अभियान से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य अभावग्रस्त क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों के संचालन, सहयोग एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में ऋषिराज वशिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा, घनश्याम शर्मा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य व अध्यक्ष गीता निकेतन वरिष्ठ आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र, संजीव विभाग कार्यवाह कुरुक्षेत्र, विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मनोज शास्त्री, कोषाध्यक्ष दिनेश तनेजा व सदस्य योगेश विशेष रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की। ऋषिराज ने बताया कि समर्पण राशि का उपयोग मुख्यतः उन विद्यालयों के संचालन में किया जाता है जो आर्थिक रूप से अभावग्रस्त क्षेत्रों में विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। घनश्याम शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग इन विद्यालयों की निरंतर प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010

**जानकारी** नगर निगम ने चौथे दिन वार्ड 5 में लगाया शिविर, 32 लोगों ने कर्मचारियों को सौंपे अपने दस्तावेज

## पेयजल-सीवर कनेक्शन को वैध कराने के लिए 508 लोगों ने जमा करवाए दस्तावेज

निगम के विभिन्न वार्डों में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000, जबकि अवैध कनेक्शन 70000 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है। निगम ने अब शिविर लगाकर लोगों के दस्तावेज जमा करवाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को चौथे दिन वार्ड नंबर 5 में बाबा धाम मंदिर के पीछे सामुदायिक केंद्र में शिविर लगाया। शिविर में 32 लोगों ने अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज जमा करवाए। अब तक निगम को कुल 508 लोग अपने दस्तावेज जमा करवा चुके हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शिविर के माध्यम से 12 फरवरी तक लोगों के दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं। इसके बाद लोगों को फाइल नंबर मोबाइल पर मुहैया करवाकर नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। निगम की ओर से 4 फरवरी बुधवार को वार्ड नंबर 6 गढ़ी शहजानपुर पंचायत भवन में शिविर लगाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।



**सोनीपत।** सोनीपत के वार्ड 5 के सामुदायिक केंद्र में लगाए गए शिविर में मौजूद नगर निगम के कर्मी।

#### वैध कनेक्शन के लिए आवश्यक दस्तावेज

- ▶▶ घर की रजिस्ट्री
- ▶▶ प्रॉपर्टी आईडी बिल
- ▶▶ पानी का मीटर (जीएसटी बिल सहित)
- ▶▶ पानी के मीटर की फोटो
- ▶▶ आधार कार्ड की प्रति
- ▶▶ एक पासपोर्ट साइज फोटो

#### लोगों के लिए सुनहरा अवसर

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों से ज्यादा है। अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। अगर फिर भी लोग मामले में लापरवाही बरतते हैं तो शिविर के बाद ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

#### योजना का लाभ उठाएं नागरिक

नगर निगम क्षेत्र में काफी संख्या में पेयजल व सीवर के अवैध कनेक्शन है। फिलहाल विशेष शिविर लगाकर लोगों को अपने कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया गया है। इसके बाद कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों से अपील है कि वह नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।
*-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत*